प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय की मास्टर्स एवं पीएच.डी. प्रवेश परीक्षाएँ संपन्न

पंतनगर, 6 जून, 2026। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर द्वारा आयोजित मास्टर्स एवं पीएच.डी. कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएँ सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुईं। परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित की गई। मास्टर्स कार्यक्रम की प्रवेश परीक्षा के लिए पंतनगर एवं देहरादून में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। पंतनगर स्थित प्रौद्योगिकी महाविद्यालय (न्यू बिल्डिंग) पर आवंटित 588 अभ्यर्थियों में से 502 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 86 अनुपस्थित रहे। इस केन्द्र पर उपस्थिति प्रतिशत 85.37 रहा। देहरादून स्थित श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय, पथरी बाग, पटेल नगर केन्द्र पर 466 अभ्यर्थियों को आवंटित किया गया था, जिनमें से 365 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 101 अनुपस्थित रहे। यहां उपस्थिति प्रतिशत 78.33 दर्ज किया गया। मास्टर्स कार्यक्रम में दोनों केन्द्रों को मिलाकर कुल 1054 अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु आवंटित किया गया था, जिनमें से 867 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार मास्टर्स कार्यक्रम की कुल उपस्थिति 82.26 प्रतिशत रही, जबकि अनुपस्थिति 17.74 प्रतिशत दर्ज की गई।

इसी प्रकार पीएच.डी. कार्यक्रम की प्रवेश परीक्षा पंतनगर स्थित विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए 549 अभ्यर्थियों को आवंटित किया गया था, जिनमें से 436 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 113 अनुपस्थित रहे। पीएच.डी. कार्यक्रम में उपस्थिति प्रतिशत 79.42ः तथा अनुपस्थिति प्रतिशत 20.58 रहा।

दोनों कार्यक्रमों को मिलाकर कुल 1603 अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा हेतु आवंटित किया गया था, जिनमें से 1303 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 300 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल उपस्थिति प्रतिशत 81.29 तथा अनुपस्थिति प्रतिशत 18.71 दर्ज किया गया।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा के सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा सभी केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एस.के. कश्यप ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए परीक्षा नियंत्रक डा. ए.के. उपाध्याय एवं सभी केंद्रों के अधीक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।